चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक जागरण | 5-12-24 | 5 | 5-6 |


# कृषि क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं : प्रो. बीआर काम्बोज

**हकृवि में कृषि विस्तार में नई दक्षता, करियर के अवसर और अनुसंधान विषय पर पांच दिवसीय कार्यक्रम आरंभ**

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय युवा पेशेवर विकास कार्यक्रम-कृषि विस्तार में नई दक्षता, करियर के अवसर और अनुसंधान विषय पर पांच दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कृषि महाविद्यालय के विस्तार शिक्षा विभाग तथा राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान हैदराबाद की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान हैदराबाद के निदेशक (कृषि विस्तार) डा. श्रवणन राज विशिष्ट अतिथि रहे।

कार्यक्रम में राजस्थान, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश पूसा संस्था दिल्ली सहित विभिन्न प्रदेशों के 65 शोधार्थी भाग ले रहे हैं। कुलपति ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विस्तार के क्षेत्र में नवाचार कौशल विकास और अनुसंधान उत्कृष्ट को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है। विश्व में हो रहे तकनीकी विकास, अनुसंधान और सूचना प्रौद्योगिकी के प्रचार-प्रसार के कारण कृषि विस्तार की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है, जो अनुसंधान संस्थानों और कृषक समुदाय के बीच सेतु का काम कर रही है। कृषि में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। युवाओं को आधुनिक तरीकों से कृषि के विस्तार से जुड़ना होगा। सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) का इस्तेमाल करके विस्तार शिक्षा को बढ़ावा देना होगा, जो वर्तमान समय की मांग है। उन्होंने कहा कि कृषि परिदृश्य में एक ठोस बदलाव लाने के लिए और अधिक बेहतर ढंग से कार्य करने की आवश्यकता है, ताकि इस क्षेत्र को लाभकारी एवं आत्मनिर्भर बनाया जा सके। विशिष्ट अतिथि डा. श्रवणन राज ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में युवाओं को आगे लाना के लिए प्रेरित एवं प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है।



हकृवि में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। • पीआरओ

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 4-12-25 | 5 | 3-6 |

• एचएयू में करियर के अवसर व अनुसंधान विषय पर पांच दिवसीय कार्यक्रम हुआ

## कृषि के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं : प्रो. काम्बोज

भास्कर न्यूज़ | हिसार



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा पेशेवर विकास कार्यक्रम-कृषि विस्तार में नई दक्षता, करियर के अवसर और अनुसंधान विषय पर पांच दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कृषि महाविद्यालय के विस्तार शिक्षा विभाग और राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान हैदराबाद द्वारा संयुक्त रूप से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की जबकि राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान हैदराबाद के निदेशक कृषि विस्तार डॉ. श्रवणन राज विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में राजस्थान, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश पूसा संस्था दिल्ली सहित विभिन्न प्रदेशों के 65 शोधार्थी भाग ले रहे हैं। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा विश्व में हो रहे तकनीकी विकास, अनुसंधान और सूचना प्रौद्योगिकी के प्रचार-प्रसार के कारण कृषि विस्तार की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है जो अनुसंधान संस्थानों और कृषक समुदाय के बीच सेतु का काम कर रही है। कृषि क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं।

### पेंशनर्स एसो. का प्रतिनिधिमंडल वीसी से मिला

हिसार | हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय टीचर्स पेन्शनर्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधान डॉ. एसएस डुडेजा की अध्यक्षता में कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उनसे लंबित मांगों को शीघ्र समाधान करने के लिए अनुरोध किया। एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आरके खटकड़ ने कुलपति सेसीनियर प्रोफेसर के ग्रेड पे, मेडिकल बिलों में पास होने में देरी, कई इंपैनल्ड अस्पताल द्वारा हरियाणा सरकार के नियमों अनुसार इलाज ना करना और कैशलेश मेडिकल इलाज की सुविधा का लागू ना होना आदि के बारे में बताया। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने हर मांग के विषय में प्रतिनिधिमण्डल से विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जो मुद्दे उनके अधिकार क्षेत्र में हैं, वह जल्दी ही पूरे कर दिए जाएंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 5-12-24 | 5 | 3-5 |

# कृषि में रोजगार की अपार संभावनाएं : कुलपति



हिसार में मंगलवार को कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज। -हप्र

हिसार, 3 दिसंबर (हप्र)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा पेशेवर विकास कार्यक्रम-कृषि विस्तार में नई दक्षता, करियर के अवसर और अनुसंधान विषय पर पांच दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

कृषि महाविद्यालय के विस्तार शिक्षा विभाग तथा राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान हैदराबाद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में विवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की जबकि राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान हैदराबाद के निदेशक (कृषि विस्तार) डॉ. श्रवणन राज विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में राजस्थान, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश पूसा संस्था दिल्ली सहित विभिन्न प्रदेशों के 65 शोधार्थी भाग ले रहे हैं।

कुलपति ने कहा कि कृषि में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। युवाओं को आधुनिक तरीकों से कृषि के विस्तार से जुड़ना होगा।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एसके पाहुजा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया। कृषि विस्तार शिक्षा के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। मंच संचालन डॉ. अनुपम आनंद ने किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 5-12-24 | 5 | 5-5 |

# कृषि क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं : प्रो. कांबोज

संवाद न्यूज एजेंसी

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा पेशेवर विकास कार्यक्रम-कृषि विस्तार में नई दक्षता, कॅरिअर के अवसर और अनुसंधान विषय पर पांच दिवसीय कार्यक्रम शुरू हुआ।

इसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विस्तार के क्षेत्र में नवाचार कौशल विकास और अनुसंधान उत्कृष्ट को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है। कृषि में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। युवाओं को आधुनिक तरीकों से कृषि के विस्तार से जुड़ना होगा।

कुलपति ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस(एआई) को इस्तेमाल करके विस्तार शिक्षा को बढ़ावा देना होगा जो वर्तमान समय की मांग है।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान हैदराबाद के संस्थान निदेशक एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. श्रवणन राज ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में युवाओं को आगे लाना के लिए प्रेरित एवं प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है।



कुलपति प्रो. बीआर कांबोज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। स्रोत : संस्थान

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी का स्वागत किया। कृषि विस्तार शिक्षा के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।

मंच संचालन डॉ. अनुपम आनन्द ने किया। कार्यक्रम में राजस्थान, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश पूसा संस्था दिल्ली सहित विभिन्न प्रदेशों के 65 शोधार्थी भाग ले रहे हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 4-12-24 | 5 | 3-6 |

# कृषि में रोजगार की अपार संभावनाएं : प्रो. काम्बोज

## हकृवि में कृषि विस्तार में नई दक्षता, कैरियर के अवसर और अनुसंधान विषय पर पांच दिवसीय कार्यक्रम आरंभ

हिसार, 3 दिसम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा पेशेवर विकास कार्यक्रम-कृषि विस्तार में नई दक्षता, करियर के अवसर और अनुसंधान विषय पर पांच दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कृषि महाविद्यालय के विस्तार शिक्षा विभाग तथा राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान हैदराबाद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की जबकि राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान हैदराबाद के निदेशक (कृषि विस्तार) डॉ. श्रवणन राज विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में राजस्थान, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश पूसा संस्था दिल्ली सहित विभिन्न प्रदेशों के 65 शोधार्थी भाग ले रहे हैं। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विस्तार के क्षेत्र में नवाचार कौशल विकास और अनुसंधान उत्कृष्ट को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है। विश्व में हो रहे तकनीकी विकास,अनुसंधान और सूचना प्रौद्योगिकी के प्रचार- प्रसार के कारण कृषि विस्तार की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है जो अनुसंधान संस्थानों और कृषक समुदाय के बीच सेतु का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि कृषि में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। युवाओं को आधुनिक तरीकों से कृषि के विस्तार से जुड़ना होगा। सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस(एआई) को इस्तेमाल करके विस्तार शिक्षा को बढ़ावा देना होगा जो वर्तमान समय की मांग है। उन्होंने कहा कि आज हमें कृषि विस्तार और कृषि क्षेत्र में नवीनतम तकनीक के प्रचार-प्रसार करने में कृषक उत्पादक समूह (एफपीओ) के सहयोग की भी आवश्यकता है। युवा पेशेवरों ,शिक्षाविदों और नीति निर्माताओं को एक मंच पर लाकर उन्हें सीखने और नवाचार के लिए प्रेरित करना होगा। प्रतिभागियों को कृषि विस्तार के पथ प्रदर्शक बताते हुए उन्होंने कहा कि कृषि परिदृश्य में एक ठोस बदलाव लाने के लिए और अधिक बेहतर ढंग से कार्य करने की आवश्यकता है ताकि इस क्षेत्र को लाभकारी एवं आत्मनिर्भर बनाया जा सके। राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान हैदराबाद के संस्थान निदेशक एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. श्रवणन राज ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में युवाओं को आगे लाना के लिए प्रेरित एवं प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी का स्वागत किया। कृषि विस्तार शिक्षा के विभागाध्यक्ष डॉ अशोक कुमार गोदारा ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। मंच संचालन डॉ अनुपम आनन्द ने किया।



**कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।**

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| हरि. भूमि | 5-12-24 | 12 | 1-3 |

# युवाओं को आधुनिक तरीकों से कृषि के विस्तार से जुड़ना होगा : प्रो. काम्बोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶|हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा पेशेवर विकास कार्यक्रम-कृषि विस्तार में नई दक्षता, करियर के अवसर और अनुसंधान विषय पर पांच दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की जबकि राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान हैदराबाद के निदेशक (कृषि विस्तार) डॉ. श्रवणन राज विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में राजस्थान, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश पूसा संस्था दिल्ली सहित विभिन्न प्रदेशों के 65 शोधार्थी भाग ले रहे हैं। कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विस्तार के क्षेत्र में नवाचार कौशल विकास और अनुसंधान उत्कृष्ट को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि कृषि में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। युवाओं को आधुनिक तरीकों से कृषि के विस्तार से जुड़ना होगा। सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस(एआई) को इस्तेमाल करके विस्तार शिक्षा को



हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज। फोटो: हरिभूमि

बढ़ावा देना होगा जो वर्तमान समय की मांग है। उन्होंने कहा कि आज हमें कृषि विस्तार और कृषि क्षेत्र में नवीनतम तकनीक के प्रचार- प्रसार करने में कृषक उत्पादक समूह (एफपीओ) के सहयोग की भी आवश्यकता है। युवा पेशेवरों ,शिक्षाविदों और नीति निमार्ताओं को एक मंच पर लाकर उन्हें सीखने और नवाचार के लिए प्रेरित करना होगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 5-12-25 | 5 | 7-8 |

# कृषि में रोजगार की अपार संभावनाएं: प्रो. काम्बोज

### अनुसंधान विषय पर पांच दिवसीय कार्यक्रम आरंभ



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।*

हिसार, 3 दिसम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा पेशेवर विकास कार्यक्रम-कृषि विस्तार में नई दक्षता, करियर के अवसर और अनुसंधान विषय पर पांच दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कृषि महाविद्यालय के विस्तार शिक्षा विभाग तथा राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान हैदराबाद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की जबकि राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान हैदराबाद के निदेशक (कृषि विस्तार) डॉ. श्रवणन राज विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में राजस्थान, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश पूसा संस्था दिल्ली सहित विभिन्न प्रदेशों के 65 शोधार्थी भाग ले रहे हैं।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विस्तार के क्षेत्र में नवाचार कौशल विकास और अनुसंधान उत्कृष्ट को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है। विश्व में हो रहे तकनीकी विकास,अनुसंधान और सूचना प्रौद्योगिकी के प्रचार- प्रसार के कारण कृषि विस्तार की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है जो अनुसंधान संस्थानों और कृषक समुदाय के बीच सेतु का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि कृषि में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। युवाओं को आधुनिक तरीकों से कृषि के विस्तार से जुड़ना होगा।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिन्दुस्थान समाचार | 03.12.2024 | -- | -- |



## युवाओं को आधुनिक तरीकों के साथ कृषि के विस्तार से जुडना होगा :बीआर कम्बोज

हकृवि में कृषि विस्तार में नई दक्षता, करियर के अवसर और अनुसंधान विषय पर पांच दिवसीय कार्यक्रम आरंभहिसार, 3 दिसंबर (हि.स.)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने कहा है कि कृषि में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। युवाओं को आधुनिक तरीकों के साथ कृषि के विस्तार से जुडना होगा। सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस(एआई) को इस्तेमाल करके विस्तार शिक्षा को बढ़ावा देना होगा जो वर्तमान समय की मांग है।कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज मंगलवार को एचएयू के कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा पेशेवर विकास कार्यक्रम-कृषि विस्तार में नई दक्षता, करियर के अवसर और अनुसंधान विषय पर शुरू हुए पांच दिवसीय कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर संबोधन दे रहे थे। कार्यक्रम में राजस्थान, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश पूसा संस्था दिल्ली सहित विभिन्न प्रदेशों के 65 शोधार्थी भाग ले रहे हैं। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विस्तार के क्षेत्र में नवाचार कौशल विकास और अनुसंधान उत्कृष्ट को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है। विश्व में हो रहे तकनीकी विकास,अनुसंधान और सूचना प्रौद्योगिकी के प्रचार-प्रसार के कारण कृषि विस्तार की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है जो अनुसंधान संस्थानों और कृषक समुदाय के बीच सेतु का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आज हमें कृषि विस्तार और कृषि क्षेत्र में नवीनतम तकनीक के प्रचार- प्रसार करने में कृषक उत्पादक समूह (एफपीओ) के सहयोग की भी आवश्यकता है। युवा पेशेवरों, शिक्षाविदों और नीति निर्माताओं को एक मंच पर लाकर उन्हें सीखने और नवाचार के लिए प्रेरित करना होगा। प्रतिभागियों को कृषि विस्तार के पथ प्रदर्शक बताते हुए उन्होंने कहा कि कृषि परिदृश्य में एक ठोस बदलाव लाने के लिए और अधिक बेहतर ढंग से कार्य करने की आवश्यकता है ताकि इस क्षेत्र को लाभकारी एवं आत्मनिर्भर बनाया जा सके।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान हैदराबाद के संस्थान निदेशक एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. श्रवणन राज ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में युवाओं को आगे लाने के लिए प्रेरित एवं प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एसके पाहुजा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी का स्वागत किया। कृषि विस्तार शिक्षा के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने सभी का धन्यवाद किया जबकि डॉ. अनुपम आनन्द ने मंच संचालन किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 03.12.2024 | -- | -- |

# युवाओं को आधुनिक तरीकों से कृषि के विस्तार से जुड़ना होगा : प्रो. काम्बोज

नभ-छोर न्यूज ›› 03 दिसंबर



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा पेशेवर विकास कार्यक्रम-कृषि विस्तार में नई दक्षता, करियर के अवसर और अनुसंधान विषय पर पांच दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की जबकि राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान हैदराबाद के निदेशक (कृषि विस्तार) डॉ. श्रवणन राज विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में राजस्थान, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश पूसा संस्था दिल्ली सहित विभिन्न प्रदेशों के 65 शोधार्थी भाग ले रहे हैं। कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विस्तार के क्षेत्र में नवाचार कौशल विकास और अनुसंधान उत्कृष्ट को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि कृषि में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। युवाओं को आधुनिक तर-किों से कृषि के विस्तार से जुड़ना होगा। सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस(एआई) को इस्तेमाल करके विस्तार शिक्षा को बढ़ावा देना होगा जो वर्तमान समय की मांग है। उन्होंने कहा कि आज हमें कृषि विस्तार और कृषि क्षेत्र में नवीनतम तकनीक के प्रचार- प्रसार करने में कृषक उत्पादक समूह (एफपीओ) के सहयोग की भी आवश्यकता है। युवा पेशेवरों ,शिक्षाविदों और नीति निमार्ताओं को एक मंच पर लाकर उन्हें सीखने और नवाचार के लिए प्रेरित करना होगा।

प्रतिभागियों को कृषि विस्तार के पथ प्रदर्शक बताते हुए उन्होंने कहा कि कृषि परिदृश्य में एक ठोस बदलाव लाने के लिए और अधिक बेहतर ढंग से कार्य करने की आवश्यकता है ताकि इस क्षेत्र को लाभकारी एवं आत्मनिर्भर बनाया जा सके। विशिष्ट अतिथि डॉ श्रवणन राज ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में युवाओं को आगे लाना के लिए प्रेरित एवं प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एसके पाहुजा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी का स्वागत किया। कृषि विस्तार शिक्षा के विभागाध्यक्ष डॉ अशोक कुमार गोदारा ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। मंच संचालन डॉ. अनुपम आनन्द ने किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक सवेरा | 04.12.2024 | -- | -- |


# कृषि में रोजगार की अपार संभावनाएं : कुलपति काम्बोज

- हकृवि में कृषि विस्तार में नई दक्षता, करियर के अवसर और अनुसंधान विषय पर पांच दिवसीय कार्यक्रम आरंभ

सवेरा न्यूज/सुरेंद्र सोढी

हिसार, 3 दिसंबर : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा पेशेवर विकास कार्यक्रम-कृषि विस्तार में नई दक्षता, करियर के अवसर और अनुसंधान विषय पर पांच दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कृषि महाविद्यालय के विस्तार शिक्षा विभाग तथा राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान हैदराबाद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की जबकि राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान हैदराबाद के निदेशक डॉ. श्रवणन राज विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में राजस्थान, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश पूसा संस्था दिल्ली सहित विभिन्न प्रदेशों के 65 शोधार्थी भाग ले रहे हैं।



कुलपति प्रो . बी.आर . काम्बोज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विस्तार के क्षेत्र में नवाचार कौशल विकास और अनुसंधान उत्कृष्ट को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है। विश्व में हो रहे तकनीकी विकास,अनुसंधान और सूचना प्रौद्योगिकी के प्रचार- प्रसार के कारण कृषि विस्तार की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है जो अनुसंधान संस्थानों और कृषक समुदाय के बीच सेतु का काम कर रही है। राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान हैदराबाद के संस्थान निदेशक एवं विशिष्ट अतिथि डॉ श्रवणन राज ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में युवाओं को आगे लाना के लिए प्रेरित एवं प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एस.के. पाहुजा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी का स्वागत किया। कृषि विस्तार शिक्षा के विभागाध्यक्ष डॉ अशोक कुमार गोदारा ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। मंच संचालन डॉ अनुपम आनन्द ने किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 5-12-24 | 5 | 6-8 |

सिटी स्पोर्ट्स • एचएयू में अंतर महाविद्यालय कबड्डी टूर्नामेंट

# मत्स्य कॉलेज टीम को 53-29 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंची कृषि कॉलेज टीम

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालय कबड्डी टूर्नामेंट के एक मुकाबले में कृषि महाविद्यालय की टीम ने मत्स्य महाविद्यालय की टीम को 53 के मुकाबले 29 अंकों से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। डॉ. मदन खीचड़ ने कहा विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

एक अन्य मैच में कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग की टीम को कॉलेज ऑफ बायोटेक से वाक ओवर मिला। प्रतियोगिता में कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर बावल ने कॉलेज आफ एग्रीकल्चर कौल को 42-25 से पराजित कर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। सह छात्र कल्याण निदेशक खेल डॉ. बलजीत गिरधर, सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा, एएसओ रणधीर ढाका, डॉ. सुन्दर पाल, इन्दु चौधरी, डॉ. करमल मलिक, डॉ. पवन पूनियां और आयोजक सचिव निर्मल सिंह मौजूद रहे। रेफरी की भूमिका सतेन्द्र सिंह व डॉ. विकास कंबोज ने निभाई।



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 5-12-25 | 3 | 1-5 |

# कबड्डी : बावल ने कौल को 42-25 के अंतर से दी मात

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालय कबड्डी टूर्नामेंट के एक मुकाबले में कृषि महाविद्यालय की टीम ने मत्स्य महाविद्यालय की टीम को करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। कबड्डी प्रतियोगिता में छात्र कल्याण निदेशक डा. मदन खीचड़ ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और खिलाड़ियों से परिचय लिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से खिलाड़ियों को प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। एक अन्य मैच में कालेज आफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग की टीम को कालेज आफ बायोटेक से वाक आवर मिला। प्रतियोगिता में कालेज आफ एग्रीकल्चर बावल ने कालेज आफ एग्रीकल्चर कौल को 42-25 से पराजित कर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। मैच की शुरुआत में दोनों टीमों में काफी संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ और एक-एक प्वाइंट के लिए खिलाड़ियों को कड़ा संघर्ष करना पड़ा। दूसरे हाफ में कालेज आफ एग्रीकल्चर बावल के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करके मैच को आसानी से जीत लिया। इस अवसर पर सह छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डा. बलजीत गिरधर, सह छात्र कल्याण निदेशक डा. सुशील लेगा, एएसओ रणधीर ढाका, डा. सुंदर पाल, इन्दु चौधरी, डा. करमल मलिक, डा. पवन पुनिया तथा आयोजक सचिव निर्मल सिंह मौजूद रहे। रेफरी की भूमिका सतेन्द्र सिंह व डा. विकास कंबोज ने निभाई।



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालय कबड्डी टूर्नामेंट के दौरान मौजूद छात्र कल्याण निदेशक डा. मदन खीचड़ व खिलाड़ी • पीआरओ

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 5-12-25 | 5 | 3-6 |

# अंतर महाविद्यालय कबड्डी टूर्नामेंट मैच आयोजित



*कबड्डी मैच में भाग लेते खिलाड़ी*



हिसार, 3 दिसम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालय कबड्डी टूर्नामेंट के एक मुकाबले में कृषि महाविद्यालय की टीम ने मत्स्य महाविद्यालय की टीम को 53 के मुकाबले 29 अंकों से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और खिलाड़ियों से परिचय लिया।

डॉ.मदन खीचड़ ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। वहीं एक अन्य मैच में कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग की टीम को कॉलेज ऑफ बायोटेक से वाक आवर मिला। प्रतियोगिता में कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर बावल ने कॉलेज आफ एग्रीकल्चर क़ौल को 42-25 से पराजित कर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। मैच की शुरुआत में दोनों टीमों में काफी संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ और एक-एक प्वाईंट के लिए खिलाड़ियों को कड़ा संघर्ष करना पड़ा। दूसरे हाफ में कॉलेज आफ एग्रीकल्चर बावल के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करके मैच को आसानी से जीत लिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि· भूमि | 5-12-25 | 12 | 3-8 |

## हकृवि में अंतर महाविद्यालय कबड्डी टूर्नामेंट आयोजित

# कृषि महाविद्यालय की टीम ने मत्स्य महाविद्यालय को दी शिकस्त

- कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर बावल ने कॉलेज आफ एग्रीकल्चर कौल को 42-25 से पराजित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार





हिसार। कबड्डी मैच में भाग लेते खिलाड़ी व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ खिलाड़ियों के साथ। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालय कबड्डी टूर्नामेंट के एक मुकाबले में कृषि महाविद्यालय की टीम ने मत्स्य महाविद्यालय की टीम को 53 के मुकाबले 29 अंकों से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। एक अन्य मैच में कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग की टीम को कॉलेज ऑफ बायोटेक से वाक आवर मिला। प्रतियोगिता में कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर बावल ने कॉलेज आफ एग्रीकल्चर कौल को 42-25 से पराजित कर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। मैच की शुरुआत में दोनों टीमों में काफी संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ और एक-एक प्वाईंट के लिए खिलाड़ियों को कड़ा संघर्ष करना पड़ा। दूसरे हाफ में कॉलेज आफ एग्रीकल्चर बावल के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करके मैच को आसानी से जीत लिया।

### खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए : डॉ. खीचड़

इससे पूर्व कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ मदन खीचड़ ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और खिलाड़ियों से परिचय लिया। डॉ. मदन खीचड़ ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर सह छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डॉ. बलजीत गिरधर, सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा, एएसओ रणधीर ढाका, डॉ. सुन्दर पाल, इन्दु चौधरी, डॉ. करमल मलिक, डॉ. पवन पूनियां, तथा आयोजक सचिव निर्मल सिंह मौजूद रहे। रेफरी की भूमिका सतेन्द्र सिंह व डॉ. विकास कंबोज ने निभाई।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 5-12-24 | 5 | 3-7 |

# बावल व एचएयू की टीम के बीच कबड्डी का फाइनल आज

## बावल ने कौल को 42-25 से सेमीफाइनल में हराया

संवाद न्यूज एजेंसी

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालय कबड्डी टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खिचड़ बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे।

प्रतियोगिता में कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर बावल ने कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर कौल को 42-25 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। मुख्य अतिथि डॉ. मदन ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए।

बुधवार को बावल का मुकाबला एचएयू की टीम के साथ होगा। इस अवसर पर सह छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डॉ. बलजीत गिरधर, सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा, एएसओ रणधीर ढाका, डॉ. सुंदरपाल, इंदु चौधरी, डॉ. करमल मलिक, डॉ. पवन पूनिया, निर्मल सिंह मौजूद रहे। रेफरी की भूमिका सतेंद्र सिंह व डॉ. विकास कंबोज ने निभाई।



अंतर महाविद्यालय कबड्डी टूर्नामेंट में दमखम दिखाते खिलाड़ी। स्रोत : स्वयं

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 5-12-24 | 5 | 7-8 |


## हकृवि में अंतर महाविद्यालय कबड्डी टूर्नामेंट मैच आयोजित



कबड्डी मैच में भाग लेते खिलाड़ी।

हिसार, 3 दिसम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालय कबड्डी टूर्नामेंट के एक मुकाबले में कृषि महाविद्यालय की टीम ने मत्स्य महाविद्यालय की टीम को 53 के मुकाबले 29 अंकों से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और खिलाड़ियों से परिचय लिया। डॉ. मदन खीचड़ ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। एक अन्य मैच में कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग की टीम को कॉलेज ऑफ बायोटेक से वाक आवर मिला। प्रतियोगिता में कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर बावल ने कॉलेज आफ एग्रीकल्चर कौल को 42-25 से पराजित कर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। मैच की शुरुआत में दोनों टीमों में काफी संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ और एक-एक प्वाईंट के लिए खिलाड़ियों को कड़ा संघर्ष करना पड़ा। दूसरे हाफ में कॉलेज आफ एग्रीकल्चर बावल के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करके मैच को आसानी से जीत लिया। इस अवसर पर सह छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डॉ. बलजीत गिरधर, सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा, एएसओ रणधीर ढाका, डॉ. सुन्दर पाल, इन्दु चौधरी, डॉ. करमल मलिक, डॉ. पवन पुनियां, तथा आयोजक सचिव निर्मल सिंह मौजूद रहे। रेफरी की भूमिका सतेन्द्र सिंह व डॉ. विकास कंबोज ने निभाई।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 03.12.2024 | -- | -- |

# हकृवि में अंतर महाविद्यालय कबड्डी टूर्नामेंट मैच आयोजित



**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालय कबड्डी टूर्नामेंट के एक मुकाबले में कृषि महाविद्यालय की टीम ने मत्स्य महाविद्यालय की टीम को 53 के मुकाबले 29 अंकों से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ मदन खीचड़ ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और खिलाड़ियों से परिचय लिया।

डॉ मदन खीचड़ ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेना चाहिए। खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। एक अन्य मैच में कॉलेज ऑफएग्रीकल्चर इंजीनियरिंग की टीम को कॉलेज ऑफ बायोटेक से वाक आवर मिला। प्रतियोगिता में कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर बावल ने कॉलेज आफ एग्रीकल्चर कौल को 42-25 से पराजित कर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। मैच की शुरुआत में दोनों टीमों में काफी संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ और एक-एक प्वाईंट के लिए खिलाड़ियों को कड़ा संघर्ष करना पड़ा। दूसरे हाफ में कॉलेज आफ एग्रीकल्चर बावल के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करके मैच को आसानी से जीत लिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 03.12.2024 | -- | -- |

# कृषि महाविद्यालय ने मत्स्य महाविद्यालय की टीम को दी शिकस्त

नभ-छोर न्यूज ▶▶ 03 दिसंबर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालय कबड्डी टूर्नामेंट मुकाबले में कृषि महाविद्यालय की टीम ने मत्स्य महाविद्यालय की टीम को 53 के मुकाबले 29 अंकों से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। कबड्डी प्रतियोगिता के अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और खिलाड़ियों से परिचय लिया। डॉ. मदन खीचड़ ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेना चाहिए। खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। एक अन्य मैच में कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग की टीम को कॉलेज ऑफ बायोटेक से वाक ओवर मिला। प्रतियोगिता में कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर बावल ने कॉलेज आफ एग्रीकल्चर कौल को 42-25 से पराजित कर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। मैच की शुरूआत में दोनों टीमों में काफी संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ और एक-एक प्वाइंट के लिए खिलाडि़यों को कड़ा संघर्ष करना पड़ा। दूसरे हाफ में कॉलेज आफ एग्रीकल्चर बावल के खिलाडि़यों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करके मैच को आसानी से जीत लिया। इस अवसर पर डॉ.



बलजीत गिरधर, डॉ. सुशील लेगा, रणधीर ढाका, डॉ. सुन्दर पाल, इन्दु चौधरी, डॉ. करमल मलिक, डॉ. पवन पूनियां तथा निर्मल सिंह मौजूद रहे। रेफरी की भूमिका सतेन्द्र सिंह व डॉ. विकास कंबोज ने निभाई।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 5-12-24 | 4 | 1-4 |

शिक्षा • विवि की साइट hau.ac.in and admissions.hau.ac.in पर ले सकते हैं जानकारी

# एचएयू : पीएचडी में दाखिले के आवेदन 15 तक

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में विभिन्न पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि आवेदन की प्रक्रिया 15 दिसंबर 2024 तक जारी रहेगी। उन्होंने बताया पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिला एंट्रेंस टेस्ट में हासिल मेरिट के आधार पर होगा। ऑनलाइन आवेदन फार्म एवं प्रोस्पेक्टस विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन करने से पहले और काउंसलिंग के समय आने से पूर्व उम्मीदवार प्रोस्पेक्टस-2024-25 में दिए गए दाखिला संबंधी सभी हिदायतों व नियमों को अच्छी तरह से पढ़ लें। इसके अलावा उपलब्ध सीटों की संख्या, महत्वपूर्ण तिथियां, न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, दाखिला प्रक्रिया आदि संबंधी सभी जानकारियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रोस्पेक्टस में मौजूद है। उन्होंने उम्मीदवारों को दाखिला संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट hau.ac.in and admissions.hau.ac.in पर नियमित रूप से चेक करते रहने को कहा है।

**पीएचडी प्रोग्राम में दाखिले की ये होगी प्रक्रिया**

एचएयू कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में पीएचडी में दाखिला कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर होगा। कृषि कॉलेज में एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स, एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन एजुकेशन, एग्रीकल्चर मेटीयोरोलॉजी, एग्रोनॉमी, फ्रूट साइंस, फ्लोरिकल्चरल एंड लेंडस्केपिंग, जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग, नेमेटोलॉजी, प्लांट प्रोटेक्शन इंटोमोलॉजी, सिल्वीकल्चर एंड एग्रोफोरेस्ट्री, प्लांट पेथोलॉजी, सीड साइंस एंड टैक्नोलॉजी, सायल साइंस, वेजीटेबल साइंस, एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, बिजनेस मैनेजमेंट व रूरल मैनेजमेंट (in Gurugram) विषय शामिल हैं। कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी कॉलेज में सॉयल एंड वाटर कंजरवेशन इंजीनियरिंग, फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग व रिनुएबल एनर्जी इंजीनियरिंग जबकि सामुदयिक विज्ञान कॉलेज में एपिरेल एंड टेक्सटाइल साइंस, एक्सटेंशन एजुकेशन एंड कम्युनिकेशन मैनेजमेंट, फूड्स एंड न्यूट्रीशन, ह्यूमन डिवेलपमेंट एंड फैमिली स्ट्डीज व रिसोर्स मैनेजमेंट एंड कंज्यूमर साइंस विषय शामिल हैं।

मौलिक एवं मानविकी कॉलेज में केमिस्ट्री, बायोकेमस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, मेथेमेटिक्स माइक्रोबायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलॉजी, सोशियोलॉजी, स्टेटिक्स, जूलॉजी व फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी विषयों में दाखिले होंगे।

इसी प्रकार मत्स्य विज्ञान कॉलेज में एक्वाकल्चर, एक्वाटिक एनिमल हेल्थ मैनेजमेंट, एक्वाटिक एनवॉयरमेंट मैनेजमेंट, फिश प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी, फिशरीज इकोनॉमिक्स, फिशरीज एक्सटेंशन, व फिशरीज रिसोर्स मैनेजमेंट विषय शामिल हैं। बायोटेक्नोलॉजी कॉलेज में मोलिक्युलर बायोलॉजी एंड बायोटेक्नोलॉजी व बायोइन्फर्मेटिक्स विषय शामिल होंगे। हरियाणा प्रदेश से बाहरी राज्यों के उम्मीदवार भी पीएचडी में दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा एनआरआई व इंडस्ट्री स्पोंसर्स उम्मीदवारों के लिए भी पीएचडी में अतिरिक्त सीटें उपलब्ध हैं।